बच्चों के लिए ऑडिशन स्क्रिप्ट |Monologue Script in Hindi For Male

पूर्वाभास :

एक लड़का है जो अपनी पूरी कर रहा है | Exam खतम होने के बाद सब दोस्त लोक रिज़र्ट का इंतजार कर रहे होते है |जैसे ही रेजर्ट लगा सब एक दूसरे को कॉल करने लगे यह जानने के लिए की किसको कितने नम्बर मिल गए |ऐसे ही यह भी अपने खास दोस्त को कॉल करता है |

पात्र :

स्कूल , कॉलेज मे पढ़ता हुवा लड़का (उम्र 15-20)

समय :

1 मिनट 20 सेकंद

Short Monologue Script in Hindi For Male | शॉर्ट मोनोलॉग स्क्रिप्ट इन हिन्दी फॉर मेल

हॅलो..... हॅलो विहान .... आंटी विहान घर पर नहीं है क्या ? नहीं वो कुछ बात करनी थी। ठीक है आंटी अगर घर पर नहीं है तो मै बादमे कॉल कर लूंगा। अच्छा चलेगा मै 2 मिनट wait करता हु।

हेलो ... " अबे है किधर ...? " कबसे कॉल कर रहा हु ? " मैसेज ना कॉल " ...हा हा ... "साइलेंट था बोला की बात ख़तम " । छोड़ उसको मैने कॉल दूसरे काम के लिए किया है। सुन ना रिजर्ट चेक किया क्या ? ...क्या बात कर रहा है ? टॉप 5 मे विथ 90% ? मेरा इधर पासिंग भी ठीक से नाही है । अरे 39.50 ..पूरे 40 भी नहीं है।

मुझे बहुत डर लग रहा है, अगर ये मार्क्स लेकर मै पापा के सामने जाऊंगा ना तो मेरा 40% छोड़ लेकिंन वो मुझे 100% पीटेंगे। देख मुझे पक्का यकीन है की वो तुझे कॉल करेंगे और अगर उनको तेरा 90% समझ जायेगा तो मेरी ड्रीम bike छोड़ रात का खाना भी नसीब मे नहीं होगा।तु एक काम कर मेरे बारे मे थोड़ा अच्छा अच्छा बता दे, वैसे भी मेरे पापा का जॉब का प्रोब्लेम तो तुझे पता हि है, बोल देना की exam की टाइम मे आपकी जॉब का टेंशन लिया और ठीक से पढ़ नहीं पाया। हो जाएगा रे मैनेज, बस तु मुह मत खोलना।

नहीं नहीं मम्मी का कुछ टेंशन नहीं है, उसे में समझाऊंगा। वैसे भी मम्मी को पहले से पता है की मेरा ये पढ़ाई मे कुछ ध्यान है हि नहीं, वो तो पापा की जबरदस्ती से यहा आया हूँ ।तु सिर्फ इतनी हेल्प करदे, तुझे week end मे चायनीज की पार्टी करेंगे ....ठीक है ? और एक बात ध्यान से सुन तेरे पापा का और मेरे पापा का कॉन्टेक्ट होने मत देना...समझा ? नहीं तो मेरा करियर गया समझ । इसलिए जैसे हि पापा का कॉल आ जाये घर से बहार जाकर बात करना...समझा ?

बाकी तु मुझपर छोड़ मै देख लूंगा , कुछ भी कर पर सिर्फ ये प्रॉब्लम से तु मुझे बाहर निकाल । चल ठीक है मै रखता हु, पापा सुन लेंगे तो अभी से हि मेरा बैंड बजेगा। चल ठीक है रखता हु । बाय. ..